नराकास की छमाही समीक्षा बैठक का आयोजन

दिनांक 13 जनवरी 2025 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोधपुर-2 की छमाही बैठक का आयोजन केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान में संस्थान के निदेशक डॉ. ओ .पी. यादव की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. यादव ने कहा कि सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगति सराहनीय है | राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है |

बैठक में श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास-2 द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया तथा बैठक की कार्यवाही संचालित की गई | श्री यादव ने कहा कि नराकास के सदस्य कार्यालयों के सहयोग से निरंतर राजभाषा गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं | बैठक में श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली मुख्या अतिथि के रूप में उपस्थित रहे | श्री शर्मा ने नराकास के सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की समीक्षा की तथा नराकास को प्रभावी कार्यान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए |

बैठक में वार्षिक कार्यक्रम के अनुपालन, राजभाषा कार्यशाला सहित विभिन्न मदों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई |

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण द्वारा संस्थान में जारी राजभाषा गतिविधियों संबंधी प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में नराकास के 70 से अधिक कार्यालय प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के अंत में सदस्य सचिव द्वारा धन्यवाद् ज्ञापित किया गया | मंच संचालन श्री अजय वशिष्ठ, अनुवाद अधिकारी, आफरी द्वारा किया गया |